## एक नजर में

### बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण 15 से 17 जुलाई तक होगा

**खंडवा ।** जिले की 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 1066 बूथ लेवल अधिकारियों,बी.एल.ओ. एवं सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 15 से 17 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स रमेशचंद्र बघेले एवं कमल बखतियापुरी द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खण्डवा में प्रातः 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक दिया जायेगा।

### लाडली बहनों के खाते में जमा होगी राशि

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खाते में 12 जुलाई को राशि ट्रांसफर करेंगे। अगले माह अगस्त में रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए लाड़ली बहना योजना के तहत वर्तमान में दी जा रही मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ साथ 250 रूपए की विशेष सहायता राशि भी अंतरित की जाएगी। प्रदेश की करीब 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को इस सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा।

### विजय आया था आधार पंजीयन कराने पंजीयन तो हुआ ही साथ में व्हीलचेयर भी मिल गई




**खंडवा।** पिछले मंगलवार को खंडवा की कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पुनासा तहसील के ग्राम सालीखेड़ा निवासी रमेश ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता को आवेदन देकर अपने दिव्यांग पुत्र विजय का आधार पंजीयन ना होने की समस्या बताई थी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने रमेश को सलाह दी के अगली बार जब भी आएं तो दिव्यांग पुत्र को साथ ले आएं, हाथों-हाथ आधार पंजीयन करवा देंगे। शुक्रवार को रमेश अपने दिव्यांग पुत्र को मुश्किल से ऑटो में बिठाकर कलेक्ट्रेट स्थित आधार पंजीयन केंद्र लेकर आया। जहां जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अनिल चंदेल ने हाथों हाथ विजय की आधार पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण करवाई । दिव्यांग विजय की चलने फिरने में परेशानी को देखते हुए संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग निकिता मंडलोई ने दिव्यांग विजय को हाथों हाथ व्हीलचेयर भी दिलवा दी। जिससे वह सुविधाजनक तरीके से खुशी खुशी अपने घर चला गया।

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से होगा प्रकरणों का निराकरण

**खंडवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 13 सितम्बर शनिवार को न्यायालय में लंबित राजीनामा योगय प्रकरणों एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय खंडवा के साथ साथ हरसूद एवं पुनासा में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, व्यवहारिक (सिविल प्रकरण) धारा 138 एन.आई एक्ट प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, समझौता योग्य श्रम प्रकरण विद्युत चोरी के प्रकरण का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा तथा विद्युत विभाग, बैंक, नगर पालिक, बी0एस0एन0एल0 आदि के पूर्व वाद प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा। पूर्व वाद प्रकरणों में विद्युत विभाग, जलकर तथा संपत्ति कर के प्रकरणों में लोक अदालत के दिन निराकरण होने पर विभाग द्वारा नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती जैन ने नागरिकों से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का आपसी सुलह व समझौते के आधार पर निराकरण करवा कर शीघ्र व सुलभ न्याय प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा व तहसील विधिक सेवा समिति हरसूद एवं तहसील न्यायालय पुनासा में संपर्क कर सकते हैं।

### दीक्षा भगोरे को मिला एसडीएम पंधाना का प्रभार

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंधाना का प्रभार सौंपा है। सुश्री भगोरे ने एसडी एम पंधाना के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा 21 वे वर्ष में की भंडारे,आरओ वाटर व ठहरने की व्यवस्था




**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा वर्ष 2004-05 से स्टेशन मेन रोड़ स्थित लायन्स भोजन सेवा केंद्र व लायन्स प्याऊ पर भंडारे का आयोजन प्रारम्भ किया गया। तब से गुरु पूर्णिमा पर्व पर सतत भोजन प्रसादी का वितरण का कार्य सतत जारी है। नारायण बाहेती ने बताया कि इस वर्ष लायन्स क्लब खण्डवा व लियो क्लब खण्डवा द्वारा आयोजित भंडारे में लायन्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष पवन लाड़ कार्यक्रम संयोजक नारायण बाहेती,राजीव शर्मा,राजेन्द्र अग्रवाल,गुरमीतसिंह उबेजा, घनश्याम वाधवा,गांधी प्रसाद गदले,रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, झोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा,रेखा रामस्नेही, लियो क्लब खण्डवा अध्यक्ष सुमित परिहार आसन्नपूर्व अध्यक्ष अर्पित बाहेती, सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा,के नेतृत्व में सुबह 9 बजे से देररात तक भोजन वितरण किया गया। 50000 हजार से अधिक भक्तों ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया। भोजन प्रसादी में पूड़ी,सब्जी, दादाजी की खिचड़ी व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। दो दिनों तक सैकड़ो केन से आर ओ हाइड्रोजन वाटर की जल सेवा की गई। हलवाई टीम के साथ लायन्स की महिला,पुरुष व लियो की युवा टीम ने प्रसादी वितरण के साथ ही भोजन निर्माण में भी सहयोग दिया। मुकेश तनवे व जन प्रतिनिधियों ने स्टॉल पर आकर लायन्स के इस सेवा कार्य की सराहना की। मुकेश तनवे ने कहा कि लायन्स क्लब खण्डवा अन्नदान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। खण्डवा में सर्वप्रथम भोजन सेवा का कार्य रेल्वे स्टेशन रोड़ इसी स्थान पर लायन्स क्लब खण्डवा ने प्रारम्भ किया। 24 वर्षो से जिला चिकित्सालय में लायन्स भोजन सेवा केंद्र माध्यम से250 से अधिक ग्रामीण क्षेत्रो से आये मरीजो व परिजनो को निःशुल्क भोजन कराने का कार्य कर रहा है। लायन्स व लियो के लगभग सभी साथियों की सक्रिय सहभागिता रही। लायन व लियो साथियों ने आर्थिक व सामग्री के साथ ही सफाई,आलू छिलने व पूरी बेलने में भी मदद की। लायन व लियो सदस्यों द्वारा यातायात व्यवस्था में भी सहयोग दिया गया। जागरूकता रैली के माध्यम अन्न झूठा न छोड़े, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समजाइस दी गई। 100 से अधिक दादाजी भक्तों को ठहरने के लिए लायन्स भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। लायन्स सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल व लियो सचिव अभिषु शर्मा ने सभी सहयोगियों का आभार माना।

## "एक पेड़ मां के नाम_2.0" अभियान के तहत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक होगा पौधरोपण

**"नर्मदा परिक्रमा पथ" पर होगा पौधरोपण,233 स्थानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर किया जाएगा पौधरोपण**


नवभारत न्यूज

**खंडवा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जल, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरे देश में चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मिशन के रूप में चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रकृति, पर्यावरण और जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदेश के 16 जिलों में मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण करेगी और मनरेगा परिषद ने तैयारी भी शुरू कर दी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पौधरोपण के संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं।**

मां नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित आश्रय स्थलों के लगभग 233 स्थानों की लगभग 1000 एकड़ भूमि पर 43 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से लगभग 7.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण का कार्य 15 जुलाई से शुरू होगा जो 15 अगस्त तक चलेगा। इन क्षेत्रों में पौध-रोपण के लिए बकायदा अभियान चलाया जाएगा।

### 16 जिलों में मां नर्मदा आश्रय स्थलों पर होगा पौधरोपण

मां नर्मदा आश्रय स्थलों पर जिन जिलों में पौधरोपण किया जाएगा, उन 16 जिलों में खंडवा, अनूपपुर, डिंडोरी, मण्डला, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, बड़वानी, धार, अलीराजपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा, देवास एवं खरगोन शामिल हैं।




### पौधरोपण की खासियत

पौधरोपण के आश्रय स्थलों का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से किया जाएगा। साथ ही यदि सिपरी सॉफ्टवेयर पौधरोपण के लिए जगह को उपयुक्त नहीं बताता है तो उस स्थान पर पौधरोपण नहीं किया जाएगा। सॉफ्टवेयर से यह भी देखा जाएगा कि जिस जगह पर पौधरोपण किया जा रहा है उस जगह पर पानी का स्थायी स्रोत हो। ऐसे स्थल जहां पर 2 एकड़ या अधिक भूमि उपलब्ध है, वहां पर सामान्य पद्धति से पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। जबकि 2 एकड़ से कम एवं 1 एकड से अधिक भूमि उपलब्ध है वहां मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया जाएगा।

जहां पौधरोपण किया जाना है, वहां पौधों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग की जाएगी। गड्ढे की खुदाई और तार फेंसिंग का कार्य 14 जुलाई तक पूर्ण करना होगा। मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण का कार्य शुरू होने से पहले गड्ढे की खुदाई, तार की फेंसिंग, सिपरी सॉफ्टवेयर द्वारा प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण, भौतिक सत्यापन, तकनीकी व प्रशासकीय स्वीकृति जैसे कार्य पूरे कर लिए जाएंगे तथा 15 जुलाई से पौधरोपण का कार्य शुरू होगा।

### ड्रोन-सैटेलाइट इमेज से की जाएगी निगरानी

मां नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों की भूमि पर पौधरोपण का कार्य सही ढ़ग से हो रहा है या नहीं पौधे कहां पर लगे हैं या नहीं। मनरेगा परिषद द्वारा संपूर्ण पौध-रोपण कार्य की ड्रोन-सैटेलाइट इमेज से बकायदा निगरानी भी की जाएगी। आश्रय स्थलों पर भूमि की उपलब्धता के अनुसार दो श्रेणियों में पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। प्रदेश में 136 ऐसे स्थान हैं जहां पर 2 एकड़ से अधिक भूमि है। यहां पर 2.15 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसी तरह 97 ऐसे स्थान हैं जहां पर 1 एकड़ से अधिक और 2 एकड़ से कम भूमि है वहां पर 5.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

## खण्डवा,इन्दौर मार्ग पर भारी वाहनों का परिचालन रहेगा प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज

**खंडवा। श्रावण माह में खण्डवा जिले में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा के दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इंदौर,खंडवा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं।**

जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए भारी वाहनों के आवागमन में कोई व्यवधान ना हो इसके लिए अन्य वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की गई है । केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 तथा केन्द्रीय मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते कलेक्टर ने आदेश जारी किए हैं कि श्रावण मास के पहले दिन 11 जुलाई से इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को मिलेगी प्रतिबंध से छूट

जारी आदेश अनुसार बुरहानपुर की ओर से खण्डवा जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर खरगोन धामनोद होते हए ए. बी. रोड़ तक पहुंच सकते है। इसी तरह इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन खरगोन जिले से होते हुए खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर देशगांव से अपने गन्तव्य तक पहुंच सकते है। आवश्यक सेवाओं में लगे वाहनों को प्रतिबंधात्मक आदेश से पूर्णतः मुक्त रखा गया है। इनमें दुग्ध प्रदाय वाहन, फायर बिग्रेड, आर्मी के वाहन, विद्युत कंपनी के कार्य में संलग्न वाहन, एल.पी.जी. और पेट्रोलियम पदार्थों के परिवहन में लगे वाहन, यात्री बसें शामिल हैं।

## हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए




नवभारत न्यूज

**मून्दी। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम का नगर परिषद कार्यालय में लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0अंतर्गत 40 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।**

इस अवसर पर मांधाता विधायक नारायण पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला चंद्रमोहन राठौर, उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई, पार्षद सखाराम निमोले, हीरालाल निहाल, पार्षद एवं मंडल महामंत्री धर्मेंद्र राठौर, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमोहन राठौर पार्षद प्रतिनिधि दिनेश मालवीय,मुख्यनगर पालिका अधिकारी संजय जैन, नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारीगण सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही शामिल हुए।

## गुमशुदा नाबालिग को 8 माह बाद मिलाया माता-पिता से

नवभारत न्यूज

**खंडवा। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा की सक्रियता और प्रयासों से पंजाब के मोहाली जिले की 16 वर्षीय नाबालिग को 8 महीने बाद उसके माता-पिता से मिलाया गया। यह बच्ची दिसंबर** 2024 से लापता थी और हावड़ा जाती हुई पकड़ी गई।

समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि नाबालिग बालिका ने फ्री फायर गेम के प्रभाव में आकर माता-पिता को मृत बताया था। खेल के जरिए उसकी पहचान एक लड़के से हुई, जिसने उसे हावड़ा बुलाया। इसके बाद वह चंडीगढ़, अंबाला, दिल्ली से कलकत्ता होते हुए हावड़ा जा रही थी।




यात्रा के दौरान ट्रेन में टिकट निरीक्षक अनिल कुमार सोनी,अजय खोसला और सागर चौरे ने शक के आधार पर रोका और मामला जीआरपी थाने तक पहुँचा। 8 जुलाई को बालिका को बाल कल्याण समिति खंडवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बच्ची लगातार झूठ बोलती रही, लेकिन समिति ने चार बार काउंसलिंग कर उसके व्यवहार और मनोस्थिति को समझा। अंततः वह सच स्वीकार कर पाई। मोहाली थाने से संपर्क, दस्तावेजों की पुष्टि और परिवार की खोजबीन के बाद, आज उसे माता-पिता को सौंपा गया। बालिका की मां गृहिणी हैं और पिता मिस्त्री का काम करते हैं। माता पिता ने मोहाली और जिला गोड्डा में एफआई आर कराई और उसे बहुत खोजा, बच्ची ने मां की गुल्लक फोड़कर मोबाइल खरीदा और ऑनलाइन गेमिंग की लत में घर छोड़ दिया था।

इस पूरे प्रयास में समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा - रुचि पाटिल, कविता पटेल, स्वप्निल जैन, मोहन मालवीय और शीला सावरे। यह घटना न केवल बाल संरक्षण की दिशा में एक उदाहरण है, बल्कि यह भी बताती है कि किस तरह ऑनलाइन दुनिया से जुड़े खतरे वास्तविक जीवन पर गंभीर असर डाल सकते हैं। प्रेरणा मिलती है कि सतत प्रयास, संवेदनशीलता और समर्पण से हर खोए हुए बच्चे को उसके अपने परिवार से मिलाया जा सकता है।

## धेनु महिमा के माध्यम से ओंकारेश्वर से गोसेवा की नई क्रांति का आगाज

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** 31वर्षीय गो पर्यावरण एवं अध्यात्म चेतना पद यात्रा के प्रणेता ग्वाल सन्त पूज्य स्वामी गोपालानंद सरस्वती जी महाराज ने तीन दिवसीय धेनु रक्षा व्यास पूर्णिमा महामहोत्सव के द्वितीय दिवस पर धेनु महिमा एवं श्री गोपाल परिवार संघ के बारे में बताते हुए कहां कि गोपाल परिवार संघ द्वारा संचालित धेनु फाउंडेशन,दवा देवी फाउंडेशन, दाता देवी फाउंडेशन,देना देवी फाउंडेशन,दृष्टि देवी फाउंडेशन,ग्वाल शक्ति संघ,धेनु शक्ति संघ,धेनु धारा फाउंडेशन,धेनु धरती फाउंडेशन,धेनु धन फाउंडेशन,धेनु देवी फाउंडेशन एवं धेनु दर्शन फाउंडेशन आदि 12 फाउंडेशन के माध्यम से भारत में विराजित सभी भगवती गोमाता एवं उनके वंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करेगा।

स्वामी जी ने गोपाल परिवार संघ के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहां कि भारत के 11 लाख गोवंश को पांच वर्ष के भीतर घरों एवं नवीन संस्थाओं में स्थान देगा,देश भर में 1008 गो चिकित्सालयों का निर्माण उनकी देखभाल एवं गोमाता को वैश्विक स्तर पर आदर प्रदान करवाना।

देश विदेश की सभी गो सेवी संस्थाओं को विधिक सहायता प्रदान करवाना,विशेष आवश्यकता वाली संस्थाओं को शासन,समाज और संस्थाओं के माध्यम से आहार,ओषधि एवं आश्रय उपलब्ध करवाना,1008 गो संवर्धन केन्द्र स्थापित करना,11 करोड़ गौभक्तों का समूह खड़ा करना एवं देश भर में 5000 गो वक्ताओं को तैयार करवाना आदि कार्य करेगा जिसका शुभारंभ दाता गुरु भगवान ब्रह्मलीन पूज्य राम ज्ञान तीर्थ जी महाराज की प्रेरणा से मां नर्मदा जी की साक्षी एवं भगवान ओंकार बाबा एवं ममलेश्वर महादेव की पावन सन्निधि में व्यास पूर्णिमा के पावन पर्व से कार्य प्रारम्भ हो चुका है।




तीन दिवसीय धेनु रक्षा व्यास पूर्णिमा महामहोत्सव में सहयोग करने वाले सनावद निवासी लक्ष्मीकांत राठी,बड़वाह निवासी प्रदीप अग्रवाल एवं ओंकारेश्वर निवासी कान्हा पुरोहित व भोजन यजमान पुष्करराज आइसक्रीम डूगला (चित्तौड़गढ़) स्वर्गीय सुखलाल - गंगा बाई के परिवार एवं कथा व भोजन के यजमान राज स्टोन कंपनी डाबी से युवराज राठौर के परिवार का श्री गोपाल परिवार की और से बहुमान किया गया।

## विश्व शांति हेतु किया गया महायज्ञ

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पापो ओर दोषों को दूर करने के लिए अष्टानिका पर्व में 1 जुलाई से 10 जुलाई तक धासपुरा महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जिन सहस्त्रनाम मंडल विधान का आयोजन पहली बार मुनी श्री विश्रुत एवं निर्वेद सागर महाराज के सानिध्य में किया गया।**

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि खंडवा के इतिहास में प्रथम बार जिन सहस्त्र नाम विधान मंडल का आयोजन मंदिर में 10 दिनों तक किया गया श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रतिदिन सभी के कल्याण के लिए अर्ध चढ़ाए।

सुनील जैन ने बताया कि इस विधान का शास्त्रों में उल्लेख है की उक्त विधान को करने से पापों एवं दोषों का अतिशीघ्र शमन होता है एवं परिवार में सुख शांति बनी रहती है। प. पू.आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी की भावना थी कि वर्ष 2025 विधान पर्व वर्ष रूप में मनाया जाए..इसी कड़ी में खंडवा के इतिहास में प्रथम बार समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया के संयोजन एवं ममता कासलीवाल एवं जवाहरलाल जैन के निर्देशन में 1जुलाई से 10 जुलाई तक दस दिवसीय जिनसहस्त्रनाम विधान का आयोजन मंदिर में आयोजित हुआ। समापन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को जवाहरलाल जैन के मंत्रोचार के साथ विश्व शांति महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ। दसवें दिन के विधान एवं हवन के आयोजक वॉइस ऑफ विस्मिताश्री ग्रुप खंडवा रहे । समस्त समाज द्वारा भक्ति भाव से यह विधान किया गया।

साथ ही समाधि सम्राट गणाचार्य श्री 108 विराग जी महाराज जी के प्रथम समाधि दिवस पर आचार्य श्री के चरण पादुका का प्रक्षालन एवं गुरु पूजा करने का अवसर वॉइस ऑफ विस्मिताश्री ग्रुप को प्राप्त हुआ । आपको बता दें परम पूज्य उपाध्याय मुनिश्री विश्रुत सागर महाराज ससंघ का मंगल सानिध्य एवं आशीर्वाद इस में विधान में प्राप्त हुआ।

**गृह प्रवेश समारोह** — **हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, वार्ड क्रमांक 32 में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन**

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**खंडवा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत संपूर्ण मध्यप्रदेश में 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को आवासीय हितलाभ वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन का मुख्य कार्यक्रम इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में हुआ,जिसका सीधा प्रसारण खंडवा नगर निगम सभागृह में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। इस प्रसारण में खंडवा के सैकड़ों हितग्राही शामिल हुए।**





खंडवा नगरीय क्षेत्र के लगभग 3000 हितग्राहियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किश्त अंतरित की गई। साथ ही हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। नगर निगम सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण,एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर अमृता अमर यादव द्वारा हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में नागरिकों से प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

### गृह प्रवेश समारोह का आयोजन संतोषी माता वार्ड में

कार्यक्रम के अंतर्गत संतोषी माता वार्ड क्रमांक 32 में गृह प्रवेश समारोह का आयोजन महापौर अमृता अमर यादव की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद राजेश यादव, आयुक्त प्रियंका राजावत, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर ने हितग्राहियों के घरों में स्वयं पहुंचकर फीता काटकर गृह प्रवेश का कार्यक्रम संपन्न कराया, जिससे हितग्राहियों में विशेष उत्साह एवं संतोष का वातावरण देखने को मिला।




कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राहियों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके वर्षों पुराने सपनों को साकार किया है। पारदर्शिता से लाभ प्राप्त होना और समय पर किश्त का ट्रांसफर होने से उनका शासन पर विश्वास और भी प्रबल हुआ है। हितग्राहियों ने प्रशासन और निगम टीम का आभार व्यक्त किया।